हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 3 सितंबर 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण की उतारी आरती जगह...



07 यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन रामलीला मंच से रैली निकाली



समाचार संक्षेप

चाचौड़ा आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया जारी, पंजीयन 7 सितंबर तक

चाचौड़ा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चाचौड़ा में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। वर्तमान में एनसीवीटी के तहत 3 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 7 सितंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एमपी आईटीआई काउंसलिंग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।अभ्यर्थी वेबसाइट https://mpiticounselling.co.in/ पर जाकर पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। संस्थान ने इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि से पहले आवेदन करने की अपील की है।

भारत को जानो अखिल भारतीय लिखित परीक्षा का आयोजन



कुंभराज। भारत विकास परिषद मध्य भारत उत्तर प्रांत की शाखा कुंभराज द्वारा भारत को जानो अखिल भारतीय लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कुंभराज नगर के प्रसिद्ध स्कूलों ने भाग लिया। जिनमें प्रमुख रहे महेश विद्या मंदिर न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल श्री विनायक विद्या निकेतन सरस्वती ज्ञान मंदिर सभी स्कूलों से 178 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा संपन्न कराने में महेश विद्या मंदिर का सहयोग रहा। परिषद के सदस्यों में से शाखा अध्यक्ष नरेंद्र चांडक शाखा सचिव अजय कश्यप प्रांतीय सहसंयोजक राजेश श्रीमाल चंद्रेशजी झवर मनीष कुमार साहू उपस्थित रहे और परीक्षा को संपन्न कराया।

एसपी ने दी सेवानिवृत्त पुलिस जवानों को विदाई



गुना। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति पर पुलिस कर्मचारियों को ससम्मान भावभीनी विदाई दी। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले सहायक उपनिरीक्षक केदार सिंह सगर, सहायक उपनिरीक्षक भानूप्रताप रघुवंशी एवं प्रधान आरक्षक रामस्वरुप मीना को एसपी हितिका वासल द्वारा उनके परिजनों की मौजूदगी में सम्मान पूर्वक भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक वासल के साथ एएसपी प्रशांत सिंह सुमन, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, मुख्य लिपिक उनि(अ) अमित मौर्य आदि अधिकारियों सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण व स्टाफ मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के उत्कृष्ट, कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं जिम्मेदाराना सेवाकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं गईं । इसी क्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का पुष्प मालाओं एवं पुष्प गुच्छ के साथ सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया तथा पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल द्वारा उन्हें ट्रालीबैग, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न (शील्ड) एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने संबोधन में सेवाकाल के दौरान पूर्ण सहयोग के लिए सहकिर्मयों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अमेरिका जा रहे रिटायर्ड ईई के सूने मकान में घुसे बदमाश

चौकीदार के हाथ-पैर बांधकर दिया वारदात को अंजाम, आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली पॉश सिसौदिया कॉलोनी में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात बेखौफ चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अमेरिका प्रवास पर जा रहे जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री (ईई) के सूने मकान को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने वहां तैनात चौकीदार को बंधक बना लिया। लोहे के सरिये और गुलेल से लैस बदमाशों ने चौकीदार के हाथ-पैर बांधकर जान से मारने की धमकी दी और बेडरूम का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात, पुरानी घड़ियां, कैमरा व नकदी पार कर दी। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित गृहस्वामी भोपाल से अमेरिका यात्रा स्थगित कर गुना लौटे और थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

भोपाल पहुंचते ही मिली चोरी की सूचना

सिसौदिया कॉलोनी निवासी रिटायर्ड इंजीनियर श्रीकृष्ण राजौरिया पुत्र लीलाधर राजौरिया ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर बाद गुना से भोपाल के लिए रवाना हुए थे। भोपाल से उन्हें अपने बेटे के पास अमेरिका प्रवास पर जाना था और उनकी फ्लाइट का टिकट पूर्व से आरक्षित था। यात्रा पर जाने के कारण वे अपने मकान की सुरक्षा के लिए गांव से एक चौकीदार बृजेंद्र लोधा को छोड़ गए थे, जो पिछले 15-20 वर्षों से उनके यहां चौकीदारी का काम कर रहा है। लेकिन मंगलवार-बुधवार की रात करीब 4:30 बजे चौकीदार ने फोन कर जानकारी दी कि घर में चोरी हो गई है। सूचना मिलते ही राजौरिया अपनी अमेरिका यात्रा स्थगित कर बुधवार सुबह गुना स्थित अपने निवास पहुंचे, जहां बेडरूम का ताला टूटा हुआ था और पूरा सामान बिखरा पड़ा था।

चौकीदार को सरिये व गुलेल की नोक पर बनाया बंधक

घटना के संबंध में पीड़ित चौकीदार बृजेंद्र लोधा ने बताया कि रात करीब 3:45 से 4:15 बजे के बीच जब वह पानी पीने के लिए उठा, तो सामने दो अज्ञात बदमाश खड़े दिखाई दिए। उसके चिल्लाने पर बदमाशों ने उसे तुरंत दबोच लिया। आरोपियों के हाथों में लोहे का सरिया और गुलेल थी। बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से उसे डराया-धमकाया और उसके हाथ-पैर बांधकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद चोरों ने मकान के पीछे का गेट तोड़ा और अंदर दाखिल होकर बेडरूम का ताला चटका दिया।

चांदी के जेवरात, घड़ियां व नकदी समेटकर रफूचक्कर

मकान मालिक श्रीकृष्ण राजौरिया के अनुसार चोर घर से लगभग 250 से 300 ग्राम वजनी पुरानी चांदी के जेवरात, कीमती पुरानी घड़ियां, एक कैमरा और करीब 10 से 15 हजार रुपये की नकदी समेटकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी अमेरिका में रह रहे उनके एक रिश्तेदार के मकान में चोरी की ऐसी ही घटना घटित हो चुकी है। सुबह करीब 5:30 बजे किराएदार की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का जायजा लिया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

मकान मालिक श्रीकृष्ण राजौरिया ने बताया कि चोरी की यह पूरी घटना और बदमाशों की आवाजाही परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में साफ तौर पर रिकॉर्ड हुई है। चूंकि पीड़ित को अपनी अमेरिका यात्रा के लिए पुनः भोपाल रवाना होना है, इसलिए उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर और लिखित आवेदन सिटी कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फुटेज के आधार पर गिरोह की पहचान कर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और पॉश इलाके सिसौदिया कॉलोनी में गश्त बढ़ाकर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जाए। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

गुना-अशोकनगर बॉर्डर पर हादसा टला

ब्रेक फेल होने से सिंध नदी के 80 फीट ऊंचे पुल पर बस और ट्रक की जोरदार भिड़ंत





हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के अशोकनगर बॉर्डर स्थित सिंध नदी के पुल पर बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते बाल-बाल टल गया। गुना से यात्रियों को लेकर जा रही एक निजी ट्रेवल्स की बस के अचानक ब्रेक फेल हो जाने से वह सामने से आ रहे मिनी ट्रक से सीधे टकरा गई। दुर्घटना के वक्त पुल पर दोनों वाहनों की रफ्तार धीमी थी, वरना 80 फीट ऊंचे पुल से वाहन नदी में गिर सकते थे।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 11 बजे बालाजी ट्रेवल्स की यात्री बस एमपी 08-2991 करीब 30 से 40 यात्रियों को बैठाकर गुना से अशोकनगर की ओर जा रही थी। तभी सिंध नदी के संकीर्ण पुल पर अशोकनगर की तरफ से आ रहे मिनी ट्रक एमपी 40-3619 से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि बस के अचानक ब्रेक फेल होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला कांच टूटकर बिखर गया और चालक साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मिनी ट्रक का अगला हिस्सा भी दुर्घटनाग्रस्त हुआ। अचानक हुई भिड़ंत से यात्रियों में हड़कंप मच गया और चीख-पुकार मच गई। गनीमत यह रही कि वाहनों की गति कम होने के कारण कोई भी यात्री, चालक या परिचालक गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। संकरे पुल पर तेज रफ्तार न होना इस घटना में बड़ा जीवनरक्षक साबित हुआ। यदि वाहनों की गति अधिक होती तो वे पुल की रेलिंग तोड़कर सिंध नदी में समा सकते थे।

वार्ड 16 में नलों से आ रहा गंदा पानी, रहवासी परेशान

कई बार कहने के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहर के वार्ड क्रमांक 16 में नगर पालिका की पेयजल व्यवस्था लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। यहां नलों से लगातार गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। पानी की हालत ऐसी है कि रहवासियों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए भी सोचना पड़ रहा है। वार्डवासी अंकित जैन ने बताया कि कई दिनों से नलों में साफ पानी की जगह गंदा पानी सप्लाई हो रहा है, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से अब तक कोई ठोस सुधार नहीं किया गया।

वार्ड के लोगों का कहना है कि पानी कई बार सीवेज जैसा दिखाई देता है। ऐसे पानी के उपयोग से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर परिवारों की चिंता बढ़ गई है। अंकित जैन के अनुसार इस समस्या को लेकर पार्षद को भी कई बार बताया जा चुका है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। वार्ड में केवल पेयजल ही नहीं, सफाई व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। जगह-जगह गंदगी और नियमित सफाई नहीं होने से परेशानी और बढ़ रही है। रहवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि पेयजल लाइन की तत्काल जांच कराई जाए। जहां लीकेज या गंदे पानी के मिलने की समस्या हो, उसे तुरंत ठीक किया जाए। साथ ही वार्ड में नियमित सफाई कराकर लोगों को साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

धूमधाम से निकाली गई भगवान बलराम की शोभायात्रा, कलाकारों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भगवान बलराम के जन्मोत्सव के अवसर पर धाकड़, किरार एवं नागर समाज द्वारा शहर में चल समारोह व शोभायात्रा का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में विगत कई वर्षों से लगातार आयोजित किए जा रहे इस सामाजिक व धार्मिक आयोजन में बदलते मौसम के बावजूद समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

शोभायात्रा का शुभारंभ सुबह गायत्री मंदिर से हुआ, जो हनुमान चौराहा, हाट रोड, निचला बाजार और सदर बाजार से होते हुए लक्ष्मीगंज मार्ग से मानस भवन पहुंची। समापन स्थल मानस भवन पर भगवान बलराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और महाप्रसाद का वितरण किया गया। मानस भवन में आयोजित सम्मान समारोह में डिप्टी कलेक्टर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में भोजन प्रसादी के पश्चात श्रद्धालु अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। इस चल समारोह में गुना के अलावा बमोरी, राघौगढ़, चाचौड़ा, अशोकनगर और शिवपुरी जिलों से भी बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। जुलूस के पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

कलाकारों की प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में आए सांस्कृतिक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने शहरवासियों को अचंभित कर दिया। वहीं राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती का स्वांग धरे कलाकारों ने जीवंत नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बैंड-बाजों की मधुर धुन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और डीजे की थाप पर युवा पूरे मार्ग झूमते-नाचते नजर आए।

झाझौन के जंगल में गश्त कर रही वन विभाग की टीम पर हमला

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत झाझौन गांव के जंगल में अवैध लकड़ी कटाई रोकने गई वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गश्त कर रहे वनरक्षक के साथ लाठी से मारपीट की, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। पुलिस ने पीड़ित वनरक्षक की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीट किरंया (ब) में पदस्थ वनरक्षक प्रमोद कुमार गौर गत शाम करीब 5 बजे परिक्षेत्र सहायक लक्ष्मण सिंह कुशवाह और बीट गार्ड विनोद कुमार यादव के साथ जंगल में बीट भ्रमण पर थे। झाझौन गांव के जंगल में भैंसावला की ओर जाते समय उन्हें तीन लोग कंधे पर लकड़ी और हाथ में कुल्हाड़ी लिए जाते दिखे। जब टीम ने उन्हें रोककर पूछताछ की, तो उन्होंने अपना नाम कल्याण सिंह अहिरवार, विजय अहिरवार और रघुनाथ अहिरवार निवासी ग्राम झाझौन बताया। पूछताछ के दौरान आरोपी कल्याण अहिरवार ने अपने पुत्र सुनील को मौके पर बुला लिया। आते ही सुनील ने वनरक्षक से विवाद करते हुए सिर पर लट्ठ से वार कर दिया, जिसे बचाने के प्रयास में वनरक्षक के दाहिने हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद चारों आरोपियों ने वन कर्मचारियों को मां-बहन की अश्लील गालियां दीं और फरार हो गए।

समीक्षा बैठक: निर्माण कार्य समय-सीमा से पहले पूर्ण करना अनिवार्य : कलेक्टर

विकास कार्यों के लक्ष्य अधिकारियों के दिमाग में स्पष्ट हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि अधिकारी विभिन्न योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को अपने दिमाग में स्पष्ट रूप से तय करें और उन्हें समय-सीमा में पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गुना जिले में विकास कार्यों के कई अच्छे उदाहरण स्थापित किए गए हैं, जिसके चलते गुना विकसित भारत की दिशा में अपनी अलग पहचान बना रहा है। कलेक्टर कन्याल बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित समस्त सीईओ जनपद, उपयंत्री एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि कार्यों के दौरान तकनीकी समस्याएं आना स्वाभाविक है, लेकिन इन समस्याओं के बीच बेहतर कार्य करने की शैली अधिकारियों को स्वयं विकसित करनी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो तथा प्रत्येक कार्य की



नियमित रूप से मैदानी स्तर पर निगरानी की जाए। निराकरण करें।

समय से पहले काम पूरा करने का हो माइंडसेट

कलेक्टर कन्याल ने पंचायत विभाग की बैठक में कहा कि निर्धारित समय-सीमा से पहले कार्य पूरा करना आज की आवश्यकता है। यदि किसी कार्य को तीन माह में पूरा करना है तो पहले यह लक्ष्य तय करें कि उसे एक से डेढ़ माह में कैसे पूरा किया जा सकता है। इसके बाद संभावित बाधाओं की चेकलिस्ट बनाकर उनका समय रहते

प्रत्येक पंचायत में तालाब निर्माण एवं पुराने तालाबों का संरक्षण

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत में तालाब निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश पंचायतों में पहले से तालाब उपलब्ध हैं। इन तालाबों का उचित रखरखाव एवं विकास कर उन्हें और अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में निर्देश भी दिए।

पीएम आवास में बेहतर रंगरोगन एवं सजावट के निर्देश

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे आवासों के रंगरोगन एवं बेहतर सजावट की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि उनमें अच्छे रंग, पेंटिंग एवं आकर्षक सजावट की जाए, जिससे उनका स्वरूप बेहतर दिखाई दे। उन्होंने कहा कि गुना जिले में पीएम आवासों की अच्छी गुणवत्ता एवं आकर्षक स्वरूप की सराहना हुई है।

मुक्तिधामों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

कलेक्टर ने प्रत्येक पंचायत के मुक्तिधामों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने मुक्तिधाम तक पहुंचने वाले मार्ग को दुरुस्त कराने, परिसर में वृक्षारोपण, बैठक व्यवस्था एवं पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए।

वर्षों पुरानी मांग पूरी: मुक्तिधाम में विकास कार्यों का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित मुक्तिधाम में नगर परिषद द्वारा विभिन्न विकास एवं सुविधाओं से जुड़े कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इन कार्यों के अंतर्गत शोक सभा स्थल के लिए 25×50 फीट के टीन शेड, 10×10 फीट के बैठक स्थल तथा चबूतरे का निर्माण कराया जाएगा।

खटीक समाज द्वारा लंबे समय से मुक्तिधाम में अतिरिक्त टीन शेड एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग की जा रही थी। समाज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा एक और टीन शेड तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त चबूतरे का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही मुक्तिधाम परिसर में सौंदर्यीकरण एवं पेवर्स लगाने का कार्य भी किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर रामस्वरूप साहू, विनोद खटीक, पप्पू खटीक, मांगीलाल खटीक, संजीव खटीक, दिलीप खटीक, आकाश खटीक, राकेश खटीक एवं सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे इन विकास कार्यों से मुक्तिधाम में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा परिसर में स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

समाचार संक्षेप

वन मंडल में पदस्थ तकनीकी अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



गुना। वन मंडल गुना में पदस्थ वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं सेन समाज के प्रदेश महासचिव नवल किशोर सेन वर्ष 1991 से वर्ष 2026 तक लगभग 35 वर्षों की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनके सम्मान में अलग-अलग स्थानों पर समारोह आयोजित किए गए। सबसे पहले वन मंडल कार्यालय, गुना में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सेन के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनके लगभग 35 वर्षों के सेवाकाल, विभागीय अनुभव एवं योगदान को याद किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनकी कार्यकुशलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा सुखद एवं स्वस्थ सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसके बाद टेकरी सरकार, नवल किशोर सेन के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उपस्थित रिश्तेदारों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने सेन का सम्मान करते हुए उन्हें सेवानिवृत्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि नवल किशोर सेन ने वन विभाग में वर्ष 1991 से वर्ष 2026 तक अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए विभिन्न तकनीकी एवं विभागीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। वे सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं तथा सेन समाज के प्रदेश महासचिव के रूप में समाजहित एवं संगठनात्मक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

62 वर्ष की उम्र पूर्ण कर सहायक लेखाधिकारी सेवानिवृत, साफा बांधकर दी विदाई



चाचौड़ा। जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक लेखाधिकारी विनोद कुमार पाराशर ने अपनी 62 वर्ष की उम्र पूर्ण करने के उपरांत शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति ली। इस अवसर पर जनपद पंचायत कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया।समारोह में जनपद पंचायत के सीईओ संजीतवास्तव द्वारा पाराशर को साफा पहनाकर, शॉल एवंफल भेंट कर स्नेहपूर्वक विदाई दी गई। इस दौरान जनपद के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी पाराशर को माला पहनाकर उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।सीईओ संजीतवास्तव ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने पाराशर के प्रति सम्मान एवं आत्मीयता व्यक्त करते हुए भावभीनी विदाई दी।

भगवान धरणीधर की शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण की उतारी आरती जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



नगर में भगवान धरणीधर (बलराम) की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में आरोन नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों एवं बाहर से आए धाकड़ क्षत्रिय समाज के समाजबंधुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। भगवान धरणीधर के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ नई कृषि उपज मंडी से हुआ। यहां से शोभायात्रा पुराना पेट्रोल पंप, नया बस स्टैंड, दास हनुमान मंदिर चौराहा, गुलाबगंज, मेन मार्केट, पुराना बस स्टैंड, लक्ष्मी टॉकीज और इंदिरा पार्क होते हुए श्रीराम रघुवंशी धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा के मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी मौजूद रहे तथा लोगों में भगवान धरणीधर के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया।

राधा-कृष्ण के स्वरूप रहे आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। धार्मिक गीतों और भजनों की धुन पर कलाकार नृत्य करते हुए चल रहे थे। बैंड-बाजों की धार्मिक धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। शोभायात्रा में घोड़ी पर राधा-कृष्ण का स्वरूप धारण किए कन्या भी बैठी हुई थी, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। इसके पीछे रथ पर भगवान धरणीधर की चित्र स्वरूप तस्वीर विराजमान थी। श्रद्धालु भगवान के दर्शन करते हुए जयकारे लगाते और भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल होकर आगे बढ़ते रहे। भगवान धरणीधर की शोभायात्रा का नगर के विभिन्न मार्गों पर नगरवासियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान धरणीधर की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर आकर्षक स्वागत तोरण द्वार भी सजाए गए थे, जिससे पूरा नगर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।शोभायात्रा के दौरान मार्ग में मौजूद लोगों ने भगवान धरणीधर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी और भगवान के जयकारों से नगर का वातावरण पूरी तरह धार्मिक एवं भक्तिमय बना रहा।श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए समाजबंधु शोभायात्रा में धाकड़ क्षत्रिय समाज के समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बेरखेड़ी स्कूल में शिक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेरखेड़ी विकासखंड बमोरी जिला गुना में संतोष कुमार नामदेव शिक्षक के सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन विश्वजीतसिंह सिसौदिया प्रदेश सचिव राज्य कर्मचारी संघ एवं विनायक शोपरा प्राचार्य एवं पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी चाचौड़ा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। नामदेव ने अपने सेवा काल के 41 वर्ष 08 माह में सीएसी, बीएसी, एपीसी, मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन अत्यंत कर्तव्य परायणता, निष्ठा, ईमानदारी एवं कुशल कार्य शैली, उत्कृष्ट कार्य क्षमता एवं समर्पण का परिचय देते हुए शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी सेवा निवृत्ति के अवसर पर संजय बसोदिया, नरेंद्र भार्गव एईओमती मेरी स्तेला तिर्की प्रधानाध्यापक, संजू रघुवंशी बीएसी दीपक बैरागी, रघुवीर सिंह सूर्यवंशी सीएसी शिक्षक कृष्ण बिहारीवास्तव, देवेंद्र किरार, महेंद्र मेहता, नैनसुख बखला, कृष्णा वास्तव, रमा शर्मा, रीना शर्मा एवं जन शिक्षा केंद्र मुरादपुर के सभी शिक्षकों के द्वारा नामदेव के कार्य पर प्रकाश डाला।

आत्मनिर्भरता की पहल: छात्राओं के लिए शुरू हुआ सौंदर्य प्रसाधन प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.पी. मीना ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. पूनम नामदेव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए इस प्रशिक्षण को भविष्य में स्वरोजगार की असीम संभावनाओं वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

व्यवसायिक कौशल को बढ़ाने वाले इस विशेष प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में ऊषा धाकड़ छात्राओं को सौंदर्य प्रसाधन (ब्यूटीशियन कोर्स) के गुर सिखाएंगी। कार्यक्रम के अंत में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रवचन माला: पति-पत्नी एक दूसरे का आदर कर जीवन सुखी बनाएं-मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।



धर्मनगरी राघौगढ़ में चातुर्मास कर रहे महान तपस्वी औजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने स्दांपत्य जीवन का कड़वा सचस्र विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा वर्तमान में पति-पत्नी के संबंधों के बीच में आदर खत्म हो जाने से पारिवारिक जीवन में अनेक समस्याएं पैदा हो रही हैं। पति पत्नी दोनों नौकरी कर रहे हैं एक दूसरे का आदर नहीं कर रहे हैं। बात-बात पर आपस में झगड़ा कर रहे हैं। आपसी विवाद न्यायालय में पहुंच रहे हैं और वैवाहिक संबंध विच्छेद हो रहे हैं। इस स्थिति में भारतीय संस्कारों की रक्षा नहीं हो रही है। मुनि श्रमण शर्मा सागर जी महाराज ने प्रवचन में कहा पति घी के समान है और पत्नी शहद के समान है। आपने स्पष्ट कहा कि जैन दर्शन में शहद अभक्ष माना है।घी एवं शहद को बराबर मिला देंगे तो वह जहर बन जाएगा। घी 60% एवं शहद 40% मिश्रण करेंगे तो यह जहर न बनाकर औषधि बन जाएगा। इसी प्रकार पुरुष का स्थान ऊंचा है एवं पत्नी का स्थान पुरुष के बराबर नहीं है। पत्नी का स्थान नीचा है। पति-पत्नी में समानता की बात चल रही है आपने कहा कि पति और पत्नी के रिश्ते ऐसे हैं कि इसमें अगर समानता का प्रयास करते हैं तो परिवार टूट जाते हैं। पति को परमेश्वर कहा है। अगर पत्नी अपने पति को पहले को परमेश्वर कहेंगी तो पति भी पत्नी को परमेश्वरी कहेगा। पहले पिता व्यापार या नौकरी कर पैसे कमा कर घर परिवार का पालन पोषण करता था। पत्नी कुशल गृहिणी बनकर घर चलाती थी। आओ पत्नी भी नौकरी करती है ऐसे में पत्नी भी अपने आप को पति से काम नहीं मानती है। पति पत्नी में आपसी सामान जैसे एवं आदर प्रेम नहीं होने से परिवार नगर एवं देश में यह समस्या गंभीर है। मुनि श्रमण सागर जी ने प्रवचन करते हुए स्पष्ट कहा कि पुरुष एवं स्त्री कभी भी समान नहीं हो सकते। जैन दर्शन का उदाहरण देते हुए पुरुष मुनि दीक्षा धारण कर मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अंग्रेजी विभाग ने किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वुधवार को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के ईको क्लब के तत्वावधान में शासन के पर्यावरण संरक्षण अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत अंग्रेजी विभाग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना के नेतृत्व में अनिल यादव एवं संजय ओझा ने सहभागिता की। विभाग के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए महा विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने में ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते, बल्कि वे मानव जीवन के अस्तित्व और स्वस्थ भविष्य के आधार भी हैं। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रकृति के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रेरणादायी प्रयास है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, प्रकृति संरक्षण की भावना तथा सतत विकास के प्रति उत्तरदायित्व विकसित करना था। अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न हुआ।



कलेक्टर ने पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-4 का किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय अशोकनगर पर संचालित पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 04 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पुस्तक वितरण,साइकिल वितरण, ऑनलाइन रिकॉर्ड, दैनिक उपस्थिति,विद्यार्थियों को मिलने वाले पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में शाला स्टाफ से बात की। उन्होंने स्कूली बच्चों से संवाद कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने स्कूली बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन के लिए स्कूली बच्चों के साथ बैठक मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया।साथ ही मध्यान्ह भोजन के मेन्यू, गुणवत्ता को परखा। इस अवसर पर एपीसी महेंद्र जैन,एपीसी अभिषेक चैधरी, प्रधानाध्यापक गायत्री पंत,शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा,बीएसी जगमोहन यादव सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

कृषि विज्ञान केंद्र पर बलराम जयंती कृषक संगोष्ठी के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




शासन के निर्देशानुसार बलराम जयंती के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र अशोकनगर में बुधवार को कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में कृषि संबंधी आधुनिक कृषि उपकरण, बीज की किस्में एवं प्राकृतिक खेती केन्द्रित प्रदर्शनी, सहसंवाद, कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध विभागों पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्नत कृषि यंत्र, प्राकृतिक खेती प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में साकेत मालवीय ने कहा कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बलराम जयंती आयोजन के उद्देश्य महत्व की जानकारी दी गई एवं कृषकों को प्राकृतिक खेती करने,उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग एवं कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल एवं हरिओम नायक, शीतल सतेन्द्र कलावत जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति, धर्मवीर रघुवंशी जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, रामकिशन सिंह रघुवंशी संभागीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, लक्ष्मीकुमार यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मनोज शर्मा, उप संचालक कृषि अमित सिंह, डॉ. व्ही.एस. गुप्ता, डॉ. व्ही.के.जैन, डॉ. हेमन्त त्रिवेदी वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र अशोकनगर आदि सहित कृषक दीदी/सखियां एवं उन्नतशील कृषक उपस्थित रहे।

जो उत्पन्न होकर कुल को पवित्र करे वही सही संतानः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



साइन्स ऑफ लिविंग के इस सत्र में मुनिश्री निरंजन सागर महाराज ने धर्मसभा में कहा कि साइन्स ऑफ रिलेशनशिप पर चर्चा करने को यहां एकत्रित हुए हैं। आचार्यों ने पुत्र की परिभाषा दी है य उत्पन्नः पुनाति वंशं स पुत्रः अर्थात जो उत्पन्न होकर कुल को पवित्र करे वह पुत्र है और पुत्री है। कुल में जन्म लेने मात्र से आचार्यों ने किसी भी सन्तान को पुत्र-पुत्री नहीं माना है। बल्कि उस सन्तान के संस्कारों और कार्यों के आधार पर उसे पुत्र-पुत्री माना है। हमारे ही कुछ ऐसे कृत्य होते हैं जिनसे कुल पवित्र होता है और हमारे ही कुछ ऐसे कृत्य होते हैं जिनसे कुल अपवित्र होता है। इतिहास साक्षी है बड़े-बड़े कुल खानदान के नाम उसी खानदान में पैदा हुये लोगों ने मिट्टी में मिला दिये। एक कहावत भी है की पूत सपूत तो का धन संचय और पूत कपूत तो का धन संचय। इसलिये अपनी सन्तान को ऐसे संस्कार दीजिये जिसके माध्यम से वह एक अच्छा इंसान बन सके। वह महान बने या न बने कोई बात नहीं। कम से कम एक अच्छा इंसान बन सके। आपकी संस्कारीत सन्तान ही आपकी जीवन्त पूँजी है। बाकी आपकी दुकान, मकान, गाड़ी, सोना-चाँदी, जमीन-जायदाद, बैंक बैलेन्स सब की सब मृत पूँजी है। आपके जीवन की सही कमाई आपकी संस्कारीत सन्तान है। अगर संस्कार नहीं है, तो वह सन्तान आपकी पूँजी क्या, आपके नाम को एक दिन में मिटा भी सकता है।

कलेक्टर ने कहा-गो शालाओं में गोवंश का सत्यापन किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला गौपालन एवं गौ संवर्धन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित गौशालाओं की व्यवस्थाओं, गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं में गौवंश का भौतिक सत्यापन पशुपालन विभाग के अलावा अन्य विभागों से कराया जाए। उन्होंने गौशालाओं पर अतिक्रमण को हटाये जाने के निर्देश दिए। गौशालाओं में अतिरिक्त शेड का निर्माण कराया जाए। गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गौशालाओं में यूटिलिटी जीवामृत सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। जिले में संचालित सभी गौशालाओं का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए।


निरीक्षण के दौरान गौशालाओं में गौवंश के लिए उपलब्ध चारा, पानी, शेड, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए तथा निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गौशालाओं में दान हेतु दानदाताओं के लिए क्यू आर जनरेट कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ समाधि स्थल का चयन किये जाने के निर्देश दिए। गौशालाओं में 3केव्ही का सोलर सिस्टम लगाये जाने हेतु कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिए।

शत-प्रतिशत कर वसूली के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

अशोकनगर। नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा नवाचार करते हुए संपत्ति कर एवं जलकर सहित विभिन्न बकाया कर/शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष वसूली अभियान प्रारंभ किया गया है। सीएमओ विनोद उन्नीतान के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत महिला वसूली ब्रिगेड एवं संयुक्त वसूली दल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में वार्ड-वार अभियान चलाकर करदाताओं से संपर्क किया जा रहा है। वसूली दल द्वारा चिन्हित किए गए बड़े बकायादारों को बकाया कर की जानकारी दी जा रही है तथा जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही करदाताओं को नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराई जा रही नागरिक सुविधाओं एवं शहर के विकास कार्यों के लिए कर भुगतान के महत्व की जानकारी भी दी जा रही है। नगर पालिका परिषद का लक्ष्य है कि अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक कर दाताओं को जोड़ते हुए शत-प्रतिशत कर वसूली सुनिश्चित की जाए। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में विशेष रूप से वसूली दल सक्रिय किए गए हैं।

प्राचीन हनुमान मंदिर पर किया जा रहा अखंड रामायण पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढौरा



हर साल सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना, व्रत, जलाभिषेक और भक्ति में डूब जाने का सबसे पवित्र समय माना जाता है। मान्यता है कि इस पूरे महीने में भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है। खासकर सावन के सोमवार का व्रत तो और भी शुभ फल देने वाला होता है। पंचांग के अनुसार इस बार सावन माह की शुरुआत 29 जुलाई से हुई है। श्रवण मास के महीने में शिवजी की पूजा अर्चना व आराधना करने का अलग ही महत्व है अगर शिवजी की कृपा होती है तो बारिश भी अच्छी होती है स्थानीय कुंड मोहल्ला प्राचीन हनुमान मंदिर मे अंखड रामयण पाठ का आयोजन नगर बासियो के सहयोग से किया जा रहा है। श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्राचीन हनुमान मंदिर में लगातार एक महीने से अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रतिदिन पाठ किए जा रहे है। अखंड रामायण पाठ का आयोजन पूरे श्रावण माह के बाद आगे भी अनवरत चलेगा। धर्म प्रेमी बंधुओ से अपील की गई है की जो भी अखंड रामायण पाठ कराने के इच्छुक हो बो अंखड रामायण पाठ करा सकते हैं। नगर एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि के उद्देश्य से किए जाने वाले इस रामायण पाठ का कार्यक्रम इस वर्ष भी हुआ रामायण पाठ का समापन हवन पूजन पूर्णाहुति के साथ भंडारे एवं कन्या भोजन के साथ किया जाएगा।

खबर संक्षेप

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पठार मोहल्ला पिपरई निवासी अयोध्या राम पुत्र नंदराम अहिरवार उम्र 38 साल ने अपने घर के कमरे में ही अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी कर 68830 रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत विपिन पुत्र बद्रीप्रसाद सेन निवासी वार्ड क्र 10 मेला ग्राउंड शाढ़ौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी ने धोखाधड़ी से फरियादी के फोन पे के माध्यम से 68830 रूपए निकाल लिए। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

जिला परिवहन अधिकारी ने की स्कूली वाहनों की चेकिंग



अशोकनगर। जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी द्वारा बुधवार को जिला अशोकनगर के राजपुर क्षेत्र में स्कूल वाहनों के दस्तावेज चैक किये गए। चैकिंग के दौरान विधासागर स्कूल, श्रीकृष्णा स्कूल एवं माउंट लिट्रा स्कूल के वाहनों के दस्तावेजों एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 05 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क की राशि रू. 34500 वसूल किया गया। उक्त चैकिंग के दौरान स्कूल/यात्री वाहनों में आवेरलोडिग/अग्निशमन यंत्र/फस्टऐड बॉक्स न होना एवं सीट बेल्ट न लगा होने पर आदि अपराधों में नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी जिले मे चैकिंग निरतंर जारी रहेगी।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढाकोनी निवासी अनिकेत केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रीत, सालिगराम और रामदयाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकर्रा निवासी राजेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक शर्मा और राजीव शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिल्हेरू निवासी मुन्ना केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल मलखान और छोटू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रानी केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रताप और सोनू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढिमचैली निवासी संजीव सिकरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल सिकरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

एक माह तक सेवा संकल्प अभियान

अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभियान संचालित गतिविधियों के संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर गतिविधियों हेतु प्लान तैयार किये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, एसडीएम इसरार खान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव उपस्थित रहे। अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित। अभियान के संचालन हेतु कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे प्रदर्शनकारी, लगाया जाम

यूजीसी कानून के विरोध में प्रदर्शन रामलीला मंच से रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





यूजीसी कानूनू के विरोध में अशोकनगर में सवर्ण समाज ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया, बड़ी संख्या में भीड़ रामलीला मंच से निकाली गई रैली में शामिल हुई। हाथों में तख्तियां लेकर नारेवाजी करते हुए यह रैली शहर के मार्गों से होकर निकली। कलेक्टर कार्यालय के बाहर अर्थियां जलाई और विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों की मांग थी कि यूजीसी कानून वापिस लिया जाए, इस दौरान प्रदर्शन कारी कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे। जब कलेक्टर नहीं आए तब विजयाराजे सिंधिया चैराहे पर विरोध प्रदर्शन कर सारे रास्ते बंद कर दिए गए। शाम 6 बजे आखिर कलेक्टर ने जनसुनवाई कक्ष में कुछ लोगों को बुलाया और ज्ञापन लिया। शहर के रामलीला मैदान में बुधवार को यूजीसी कानून के विरोध में सर्व समाज के लोग एकजुट हुए। प्रदर्शनकारियों ने शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दो अर्थियां बनाकर विरोध जताते हुए दोपहर लगभग 2 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।

पढ़ा हनुमान चालीसा

कलेक्ट्रेट के बाहर लगभग एक घंटे तक प्रदर्शनकारी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए बुलाते रहे। प्रशासन द्वारा कलेक्टर के शहर से बाहर होने की बात कही गई, जिससे आक्रोशित होकर लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में ही बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। जब कलेक्टर के आने की उम्मीद समाप्त हो गई, तो उग्र प्रदर्शनकारी राजमाता चैराहे पर पहुंच गए।

प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तनातनी



प्रदर्शनकारी ज्ञापन केवल कलेक्टर को ही सौंपने की जिद पर अड़े थे, जबकि कलेक्टर साकेत मालवीय का तर्क था कि यदि इस तरह दबाव में ज्ञापन लिया गया, तो अन्य वर्ग भी इसी प्रकार का रुख अपनाएंगे। बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए विभिन्न थानों और चैकियों से भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा एवं पुलिस टीम काफी देर तक समझाइश देती रही, लेकिन गतिरोध बना रहा।

आखिरकार बाहर आकर स्वीकार करना पड़ा ज्ञापन

शाम लगभग 5.50 बजे प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के अंदर दाखिल हुए। कलेक्टर मीटिंग हॉल में बैठकर ज्ञापन लेने की बात कह रहे थे, लेकिन प्रदर्शनकारी उन्हें बाहर बुलाने पर अड़े रहे। आखिरकार लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय को खुद बाहर आकर ज्ञापन स्वीकार करना पड़ा। दिनभर चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद शहर में चर्चा का विषय बना रहा कि यदि प्रशासन और कलेक्टर शुरुआती समय में ही 5 मिनट निकालकर बाहर आ जाते, तो आम जनता को 5 घंटे तक चक्काजाम की भयंकर स्थिति से नहीं जूझना पड़ता। वहीं प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने शुरुआत में झूठ बोलकर उन्हें गुमराह किया, जिससे मजबूरन उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा।

4 घंटे ठप रहा ट्रैफिक राजमाता चैराहे पर लगाया ट्रैक्टर

प्रदर्शनकारियों ने राजमाता चैराहे पर ट्रैक्टर खड़े कर गुना- ईसागढ़-अशोकनगर मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया। शाम तक लगभग 4 घंटे चले इस चक्काजाम के कारण ईसागढ़ मार्ग सहित पूरे शहर में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चंदेरी में ड्राइवरों ने निकाली रैली

11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



चंदेरी। राष्ट्रीय चालक दिवस के अवसर पर नगर के वाहन चालकों ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। ऑल ड्राइवर्स कल्याण संगठन के आह्वान पर चंदेरी के समस्त ऑटो ड्राइवर, टैक्सी चालक और बस चालकों ने एकजुट होकर विशाल रैली निकाली और एसडीएम को गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैली का शुभारंभ नगर के केंद्र पार्क से हुआ। इसके बाद सभी चालक जुलूस के रूप में निजामुद्दीन दिल्ली दरवाजा चैराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन में शामिल चालकों ने अपने अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को लेकर नारेबाजी की और शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। तहसील कार्यालय पहुंचकर चालकों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मध्यप्रदेश सरकार और परिवहन विभाग से वाहन चालकों के कल्याण के लिए 11 मुख्य मांगें रखी गईं।

खास बातें

- राज्य चालक आयोग का गठन चालकों के हितों की रक्षा के लिए राज्य चालक आयोग के गठन और 1 सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग।
- वेतन व सामाजिक सुरक्षा चालकों के लिए सम्मानजनक न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने के साथ-साथ बीमा, पेंशन और परिवार के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को लागू करना।
- मूलभूत सुविधाएं प्रमुख राजमार्गों और मार्गों पर चालकों के लिए विश्राम स्थल, शौचालय व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था।
- आर्थिक व कानूनी सहायता दुर्घटना की स्थिति में चालक और उसके परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता व कानूनी मदद प्रदान करना।

70वीं संभागीय हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ, 6 जिलों की टीमों ने भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



19 आयु वर्ग की बालक और बालिका वर्ग की संभागीय हैंडबाल प्रतियोगिता की मेजवानी अशोकनगर जिला कर रहा है, इस संभागीय स्पर्धा में 8 जिलों के छात्र छात्राएं भाग लेने पहुंचे हैं। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने इसका शुभारंभ किया, इस मौके पर जिला हैंडबाल संघ के उपाध्यक्ष अशोक सेन एवं विद्यालय के प्राचार्य एंटोनि जोश के साथ महेंद्र बरैया ग्वालियर अवध नारायण खेमरिया भिण्ड, ओपी शर्मा गुना, शालिनी श्रीवास्तव रहे।

सम्मिलित 6 जिलों में ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर की बालक एवं बालिकाओ की टीमों के बीच मैच होना है, ओपनिंग सेरेमनी में जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा संभाग से आई टीमों को अच्छे अनुशासन और नियमों से खेल खेलते हुये अपने जिलों को विजयी होते हुए संभागीय टीम में स्थान पाने,विजयी होने की शुभकामनायें दी। मनोज राठौर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने खेल प्रतिवाचन, जबकि वरिष्ठ सेवा निवृत प्रहलाद श्रीवास्तव पीटीआई द्वारा खेलों का मंच संचालन एवं आभार अनिल शर्मा द्वारा किया गया। शपथ वाचन शशिकांत भार्गव द्वारा हुआ, मेचों की ऑफिसिटिंग बसीम खान, महेन्द्र एवं अनुष्का रघुवंशी, मुस्ताक खान, प्रियांशु शर्मा, विनोद शर्मा द्वारा कराया गया। पहले दिन के खेलों में टूर्नामेंट का पहला मैच मुरैना विरुद्ध अशोकनगर के बीच हुआ जिसमें अशोकनगर ने 19 के मुकाबले 1 गोल से मुरैना को परास्त किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में अशोकनगर ने शिवपुरी जिले को बढ़े अंतराल 24 के मुकाबले आठ गोलों से हराया।



कीचड़ भरे रास्ते में सफर करना मुश्किल, मजबूर हैं छात्र-छात्राएं

राजपुर। बावरीखेड़ा से तूमेन हाईस्कूल 6 किलोमीटर दूरी पर कीचड़ भरें रास्ते में सफ़र करना मुश्किल हो गया है, प्रतिदिन 20 से 25 छात्र छात्राएं कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल पढ़ने के लिए आने जाने के लिए मजबूर हैं। इस कीचड़ भरें रास्ते से उनके कपड़े खराब हों जातें हैं इन छात्र छात्राएं एवं गांववासियों ने अनेक वार गांव के सरपंच कों अवगत करा दिया है लेकिन उनकी आवाज कोई नही सुन रहा है। गांव के लालाराम प्रजापति ने बताया कि कम से कम इस रास्ते में कोपड़ा, चूरी, मुरम, गिट्टी ही डाल दी जाये जिससे स्कूल आने जाने वालें छात्र छात्राएं को सुविधा मिल सके। वह पैदल न चल कर साईकिल से आना जाना हों सकें।

एसडीएम चंदेरी ने किया औचक निरीक्षण

चंदेरी नपा की मृत प्राय हो चुकी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने प्रशासन ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

चंदेरी नगर पालिका परिषद वैसे तो अपने नित नये कारनामों के लिए सुर्खियों में रहती है लेकिन इस बार नपा कार्यालय की मृत प्राय हो चुकी व्यवस्था को लेकर भी चर्चा में है। नगर पालिका में पिछले एक माह से अधिक समय से मुख्य नगर पालिका अधिकारी ही नहीं है जिससे लगभग सभी काम ठप्प पड़ गये हैं।

बगैर सीएमओ की नपा

चंदेरी नपा सीएमओ प्रदीप शर्मा पिछले एक माह पहले से लगातार छुट्टी पर हैं व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए संयुक्त संचालक ग्वालियर ने सीएमओ का कार्यभार मुंगावली सीएमओ विनय भट्ट को सौंप दिया। लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात उन्होने भी चंदेरी नपा को भगवान भरोसे छोड़ दिया और दिन प्रतिदिन व्यवस्था बद से बदतर होती चली गई। आवेदन तक लेने की व्यवस्था नही हैं। नपा कार्यालय के हालात इतने खराब हो गये कि आम जनता के आवेदन लेने के लिए भी कोई नहीं मिलता है। अन्य कार्य की तो बात ही छोड़ देना चाहिए। बुरी तरह बिगडी व्यवस्था की जानकारी जब अपने अधीनस्थ के द्वारा जिला कलेक्टर को मिली तो उसके बाद चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर ने मंगलवार सुबह अचानक नपा कार्यालय का निरीक्षण किया तो हड़कंप मच गया। बहुत से कर्मचारी अनुपस्थित मिले जिनसे जबाब तलब किया जा रहा है और कार्यवाही हेतु जिलाधीश कार्यालय को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। एसडीएम सुबह 10.30 बजे निरीक्षण के लिए पहुंचे थे,कईं शाखाओं में ताले लटके मिले, इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच पड़ताल भी की जिसमें भारी गड़बड़यिा सामने आई हैं। स्वच्छता सामग्री का रजिस्टर स्टोर रूम में भी नहीं मिला, स्टोर रूम की जांच में भी कईं गडबड़ियां पाई गई हैं। सफाई रजिस्टर भी एसडीएम को नहीं मिला इस तरह की अनेक अनियमित्ताएं पाई गईं।




शराब ठेकेदार की मनमानी के आरोप, जिम्मेदार बने बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

क्षेत्र में शराब दुकानों के संचालन को लेकर लगातार गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि निर्धारित दरों की जानकारी देने वाली रेट लिस्ट या बैनर दुकानों पर प्रदर्शित नहीं किए जा रहे, जिसके चलते ग्राहकों से शराब की बोतलों पर अंकित कीमत से अधिक राशि वसूलने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

शिकायत के अनुसार एक पाव शराब की प्रिंटेड कीमत 158 रुपये होने के बावजूद कथित तौर पर 190 रुपये में बिक्री की जा रही है। यदि यह आरोप सही है तो ग्राहकों से निर्धारित कीमत से अधिक राशि वसूलने का मामला गंभीर है और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। वहीं रूपनगर और बहेरिया नंबर-2 क्षेत्र में शराब दुकानों के संचालन को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि लाइसेंस प्राप्त दुकानों के अलावा विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों में कमीशन के आधार पर शराब का



कथित रूप से खुलेआम कारोबार चल रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ईसागढ़ क्षेत्र में बस स्टैंड, चुंगी नाका, बहेरिया चैराहा सहित अन्य स्थानों पर शराब बिक्री को लेकर नियमों के पालन की जांच आवश्यक है। साथ ही ढाकोनी, पारसोल और कदवाया क्षेत्र में स्वीकृत लाइसेंस एवं वास्तविक बिक्री केंद्रों की भी आबकारी विभाग द्वारा जांच किए जाने की मांग उठ रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शराब बिक्री के लिए निर्धारित दरें हैं तो दुकानों पर रेट लिस्ट क्यों नहीं लगाई जा रही? यदि किसी दुकान का लाइसेंस नहीं है तो वहां शराब की बिक्री कैसे हो रही है? और यदि अवैध बिक्री हो रही है तो संबंधित विभाग द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई? स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग से मांग की है कि ईसागढ़ क्षेत्र की सभी शराब दुकानों और संदिग्ध बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जाए, लाइसेंस की जांच की जाए, एमआरपी एवं बिक्री मूल्य का मिलान कराया जाए और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाए।

सूबेदार आईना बनीं रक्षित निरीक्षक एसपी ने स्टार लगाकर किया पदोन्नत

अशोकनगर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा सूबेदार/कार्यवाहक रक्षित निरीक्षक से रक्षित निरीक्षक पद पर पदोन्नति की सूची जारी की गई है। इसमें अशोकनगर में पदस्थ सूबेदार आईना साहिबा को रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। पदोन्नत होने पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने स्टार लगाकर पदोन्नत किया।



पदोन्नति की खबर से पुलिस महकमे में खुशी का माहौल है। साथी पुलिसकर्मियों और परिजनों ने आईना साहिबा को पदोन्नत होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के मौके पर निकाली कलश यात्रा

संत रविदास के विचार समाज को एकता और समरसता का संदेश देते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर बुधबार को कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान के तहत ग्राम बिल्हेरू से होते हुए कलश यात्रा मुंगावली पहुंची। नगर में पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ हुई यात्रा में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव ने सिर पर कलश रखकर सहभागिता की। इस दौरान बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं यात्रा के दौरान जगह-जगह नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संतो को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

विधायक ने संत रविदास महाराज के विचारों को बताया प्रासंगिक इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन और उनके



विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज ने अपने जीवन और वाणी के माध्यम से समानता, भाईचारे, सामाजिक समरसता और मानव सेवा का संदेश दिया। उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव को दूर करने और सभी मनुष्यों को समान दृष्टि से देखने की प्रेरणा दी। विधायक यादव ने कहा कि संत रविदास महाराज का संदेश किसी एक समाज तक सीमित नहीं है बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रेरणादायी है आज के समय में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और समरसता बनी रहे, यही इस कलश वंदन यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कलश यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और नागरिकों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

मातृशक्ति ने बढ़ाई यात्रा की शोभा

कलश यात्रा में माताओं और बहनों की विशेष सहभागिता रही। सिर पर कलश धारण कर महिलाएं यात्रा में शामिल हुईं। धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण के बीच यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकली जहाँ जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम मे जिला संयोजक सत्येन्द्र कलावत, सह संयोजक राजेश पंथी, शीला जाटव, जगन्नाथ पीपल, रामवीर धनोरिया द्वारा विभिन्न मंडलो में यह कलश यात्रा निकाली गई यात्रा में नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल, अशोकनगर के पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी रामबाबू दुबे मंडल महामंत्री, मुंगावली मंडल प्रभारी प्रतापभान सिंह पप्पू रातीखेड़ा, रविन्द्र लोधी प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, लखन सुरेन्द्र यादव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, पुष्पेन्द्र सिंह दांगी, रंजीत राजपूत सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही सामाजिक समरसता एवं एकता का संकल्प लिया गया। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा सामुदायिक भवन पहुंची जहां इसका समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर 20 अगस्त से 2 सितंबर 2026 तक क्षेत्र में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से संत रविदास महाराज के समानता, मानवता और सामाजिक समरसता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

टीकाकरण व प्रसव का होगा भौतिक सत्यापन, सीएचओ को बुलाकर होगी समीक्षा

स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही पर कलेक्टर सख्त, सीडीपीओ की रोकी वेतनवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं एवं मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव से संबंधित हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराया जाए और उसे पोर्टल पर अपडेट करे। इसके साथ ही समस्त सीएचओ को राजगढ़ मुख्यालय पर बुलाकर उनसे संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए एनसीडी पोर्टल पर अनिवार्य डेटा एंट्री कराई जाए। गर्भवती महिलाओं की आवश्यकतानुसार ही सोनोग्राफी सुनिश्चित कराई जाए, अनावश्यक सोनोग्राफी की सलाह न दी जाए।



पाबंद किए निजी चिकित्सकों पर करें नियमानुसार कार्रवाई

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन निजी चिकित्सकों अथवा सोनोग्राफी केंद्रों ने अनुमति प्राप्त करने के बावजूद सोनोग्राफी सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही नर्सिंग होम एवं सोनोग्राफी केंद्रों का नियमित एवं सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए। सामान्य एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के डाटाबेस की नियमित एवं सख्त मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के साथ उन्हें दी जा रही दवाओं, विशेषकर एंटीबायोटिक्स की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी संधारित की जाए।

आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

समीक्षा के दौरान एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी मामलों में स्वास्थ्य विभाग से समुचित समन्वय नहीं करने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीडीपीओ राजगढ़ की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने तथा निश्चय मित्रों के माध्यम से आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वैक्सीन सहित अन्य इंजेक्शन में न आए कमी

रेबीज वैक्सीन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में रेबीज वैक्सीन से संबंधित नोडल अधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर आगामी सात दिवस में प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आमजन को तत्काल संपर्क की सुविधा मिल सके। उन्होंने टिटनेस इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जिले के सभी पीएचसी एवं सीएचसी में टिटनेस इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। दुर्घटना के मामलों में यह इंजेक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अंशुबाला मसीह सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला अस्पताल ने मरीजों व उनके अटेंडरों की जेब पर बोझ बढ़ाया

सिविल सर्जन ने जारी किया आदेश, जिला अस्पताल में अब फ्री नहीं होगा एक्स-रे, अन्य शुल्क भी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों और उनके अटेंडरों की जेब पर बोझ बढ़ाया गया है। दरअसल, इस सितंबर महीने की शुरूआत से ओपीडी शुल्क, भर्ती शुल्क में बढ़ोतरी कर दी गई है। इसके साथ ही जिला अस्पताल में एक्स-रे की जो सुविधा पहले निःशुल्क दी जा रही थी उसके लिए भी चार्ज फिक्स कर दिए गए हैं।

सामान्य और डिजीटल दोनों एक्स-रे का कटेगा शुल्क-जिला अस्पताल में पहले एक्स-रे सुविधा प्रत्येक मरीजों के लिए निःशुल्क हुआ करती थी। अब, सामान्य एक्स-रे के लिए 100 रुपए एवं डिजीटल एक्स-रे के लिए 150 रुपए की रसीद काउन्टर पर कटवानी पड़ेगी। ओपीडी पर्चा जो पहले 10 रुपए में बनता था उसके चार्ज में दौगनी बढ़ोतरी करते हुए 20 रुपए कर दिया गया है। इसके साथ ही यदि किसी मरीज को भर्ती किया जाता है तो पहले भर्ती शुल्क 70 रुपए हुआ था जिसे बढ़ाकर अब 100 रुपए कर दिया गया है।

आयुक्त की बैठक में लिया गया निर्णय

यहां यह भी बतादें कि शुल्क में हुई यह बढ़ोतरी आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों, बीपीएल कार्ड वाले पेशेंट एवं इमरजेंसी मरीजों पर लागू नहीं होगी। सिविल सर्जन द्वारा जारी आदेश में जिक्र है कि अगस्त माह में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु की उपस्थिति में हुई बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार एपीएल मरीजों के लिए यह बढ़ोतरी की गई है। बहरहाल, आम मरीजों की जेब पर पड़ रहे इस भार के संबंध में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अस्पताल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि एक और शासन स्वास्थ्य सुविधाओं में ईजाफा कर रहा है वहीं यह सुविधाएं निःशुल्क की बजाय ज्यादा शुल्क में मुहैया करवाई जा रही हैं। इससे अच्छा तो निजी अस्पतालों में ही ईलाज करवाना बेहतर रहेगा।

थ्योरी सहित प्रेक्टिकल में भी आए जीरो नंबर, सौंपा ज्ञापन, रिवेल्युवेशन व रीचेकिंग की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭|राजगढ़

बरकतउल्लाह विश्व विद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में यूजी के कई विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणामों से नाखुश हैं। कई विद्यार्थियों को न केवल थ्योरी बल्कि प्रेक्टिकल तक में जीरो माक्र्स प्रदर्शित हो रहे हैं। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन विद्यार्थियों के समर्थन में आवाज उठाते हुए कुलपति के नाम लीड कॉलेज प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि होनहार विद्यार्थियों को भी अच्छे अंक नहीं मिले हैं। ऐसे में परिणामों पर काफी संशय है और उत्तर-पुस्तिकाओं की दौबारा जांच एवं मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है ताकि बच्चों का एक साल खराब होने से बच सके। एबीवीपी पदाधिकारियों में शामिल नगर मंत्री कुलदीप सिंगी सहित अन्य ने मांग रखी है कि रिवेल्युवेशन एवं रिचेकिंग महाविद्यालय स्तर पर की जाए।

कार्रवाई के बाद कॉलोनी के पास खड़े रहे अधिकारी

दो ट्रॉली रेत पकड़कर खनिज विभाग ने कर दी खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭|सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र में अवैध खनन और बिना रॉयल्टी मुरम के इस्तेमाल को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं, लेकिन खनिज विभाग की कार्रवाई देखकर ऐसा लगता है कि विभाग ने बड़े खेल पर पर्दा डालकर महज दो ट्रॉली रेत पकड़ने को ही अपनी बड़ी उपलब्धि मान लिया है।

बुधवार को खनिज विभाग के अधिकारी रोहित वर्मा ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरी रेत पकड़ी और उन्हें थाना सारंगपुर के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद कार्रवाई की तस्वीर कुछ ऐसी नजर आई कि सवाल खड़े होना लाजिमी है। कार्रवाई के बाद खनिज अधिकारी हाईवे क्षेत्र में निर्माणाधीन एक कॉलोनी के पास खड़े होकर कॉलोनाइजर का इंतजार करते नजर आए। जब इसकी जानकारी पत्रकारों को लगी और मौके पर पहुंचकर अधिकारी से कार्रवाई एवं कॉलोनी में चल रहे निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने स्थानीय स्तर पर जानकारी देने से इनकार कर दिया। अधिकारी का कहना था कि जानकारी चाहिए तो राजगढ़ आकर लें। उन्होंने यह भी कहा कि जानकारी राजगढ़ के पीआरओ को दी जाएगी।





नजर सिर्फ दो ट्रॉलियों पर

सारंगपुर में कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है। आरोप है कि कई कॉलोनियों में जमीन समतल करने, भराव करने और सड़क निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में मुरुम का इस्तेमाल किया जा रहा है। सवाल यह है कि आखिर इतनी भारी मात्रा में मुरुम कहां से आ रही है? क्या इसकी रॉयल्टी जमा की जा रही है? कॉलोनियों में इस्तेमाल हो रही मुरुम के स्रोत और परिवहन की जांच की है?

क्या छोटे वाहन ही दिखते हैं, बड़े खेल पर नजर नहीं?

दो ट्रॉली रेत पकड़कर कार्रवाई का ढिंढोरा पीटने से यदि विभाग अपनी जिम्मेदारी पूरी मान रहा है तो यह गंभीर सवाल है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मुरम खनन और परिवहन की शिकायतों के बीच अब लोगों की निगाहें इस बात पर हैं कि खनिज विभाग निर्माणाधीन कॉलोनियों की मुरम की जांच कब करेगा और बिना रॉयल्टी खनिज इस्तेमाल होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई करेगा। फिलहाल दो ट्रॉलियों पर कार्रवाई हो गई, लेकिन सारंगपुर में चल रहे कथित बड़े मुरम कारोबार पर विभाग की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है। जरूरत इस बात की है कि विभाग केवल छोटी कार्रवाई तक सीमित न रहकर पूरे मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच करे।

राजस्व व खाद्य विभाग ने संदिग्ध घी नष्ट कराकर दूध के लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭|सारंगपुर

कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने सारंगपुर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भेरू दरवाजा क्षेत्र स्थित एक दुकान से करीब 8 किलो संदिग्ध घी जब्त कर उसका सैंपल लिया गया और नियमानुसार उसे नष्ट करवाया गया। वहीं, क्षेत्र की दूध डेयरी से भी दूध का सैंपल जांच के लिए लिया गया। जानकारी के अनुसार एसडीएम जय सोलंकी के नेतृत्व में खाद्य अधिकारी सुरेंद्र खत्री, नायब तहसीलदार रणधीर सिंह मीणा, कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी, आशीष पांडे एवं अंकित चैहान की टीम ने भेरू दरवाजा स्थित राघव राठौर की दुकान पर पहुंचकर घी की जांच की। जांच के दौरान घी संदिग्ध पाए जाने पर करीब 8 किलो घी जब्त किया गया। अधिकारियों ने घी का सैंपल सुरक्षित रखने के साथ शेष संदिग्ध घी को नष्ट करवाया। इसके बाद टीम ने भेरू दरवाजा स्थित पुष्पद दूध डेयरी पर भी जांच की और दूध का सैंपल लिया। विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों को जांच के लिए भेजा जाएगा, जिसके बाद रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।अचानक हुई इस कार्रवाई से खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। कार्रवाई के दौरान आसपास के दुकानदारों में भी खलबली मची रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच और कार्रवाई का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭|लखनवास.

प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर गादिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार जाट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया और राज्यपाल के नाम पंचायत सचिव को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण कर आमजन को राहत प्रदान करना चाहिए। प्रदर्शन दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष चैनसिंह गुर्जर, धर्म प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष बाबूलाल मीणा, ज्ञानसिंह लववंशी, मंडलम अध्यक्ष दीपक पाराशर, मंडलम अध्यक्ष, विजय सिंह लोववंशी मंडलम अध्यक्ष, रवि चैहान, चंदन गिर, मोहित शिवहरे, ईश्वर गुर्जर, मनोज शिवहरे बबलू गुर्जर, गोविंद गुर्जर, राजेश लववंशी, अंकित पंवार मौजूद रहे।

एंबुलेंस की टक्कर से युवक की मौत हाईवे पर हादसा, पुलित कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭|सारंगपुर



मंगलवार शाम चतुरुखेड़ी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 46 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कालूखेड़ा निवासी रामगोपाल पिता मांगीलाल सिसोदिया मंगलवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान चतुरुखेड़ी के सामने से गुजर रही एंबुलेंस क्रमांक जीजे 06 बी एक्स 4457 ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच एवं उपचार के बाद रामगोपाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। अस्पताल में आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पीएम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों और एंबुलेंस चालक की भूमिका को लेकर जांच की जा रही है।

संत रविदास जयंती पर भाजपा ने निकाली कलश पूजन समरसता यात्रा, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭|कुरावर





संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कलश पूजन समरसता यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे समीपस्थ ग्राम पीलूखेड़ी से हुआ। यात्रा के दौरान नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और संत रविदास के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। यात्रा पीलूखेड़ी के प्रमुख मार्गों से होते हुए ग्राम पंचायत पहुंची, जहां संत रविदास महाराज के कलश का विधिवत पूजन किया गया। इसके बाद यात्रा कुरावर नगर पहुंची। यहां नगरवासियों ने पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर यात्रा में शामिल लोगों का अभिनंदन किया। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ग्राम माना पहुंची, जहां ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

यात्रा का आयोजन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु मालवीय के निर्देशन एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संत रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास महाराज ने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण हिंदू समाज को एकता और समरसता के सूत्र में बांधने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने जीवन में कभी लालच को स्थान नहीं दिया। शर्मा ने संत रविदास से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि माता गंगा द्वारा सोने के कंगन दिए जाने तथा संतों द्वारा पारसमणि प्रदान किए जाने के बावजूद संत रविदास ने उनका उपयोग अपने निजी जीवन के लिए नहीं किया। उनका जीवन त्याग, सेवा और भक्ति का प्रतीक रहा। कार्यक्रम को अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विष्णु मालवीय, कार्यक्रम प्रभारी कैलाश सोनी एवं जिला महामंत्री ममता इंदौरे ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल महामंत्री लखन राजपूत एवं सत्येंद्र सिंह राठौड़ तथा आभार पार्षद प्रतिनिधि मोहन वर्मा ने माना।

